लापरवाही | तारादेही सहकारी समिति में फैला आक्रोश, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग

शाखा प्रबंधक की कथित लापरवाही से जर्सी गाय की मौत

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.तारादेही सहकारी समिति में यूरिया वितरण के दौरान बरती गई कथित लापरवाही के कारण एक जर्सी गाय की मौत का मामला सामने आया है.घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है लोगों ने समिति परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है.तारादेही निवासी राजेन्द्र लोधी ने बताया कि सहकारी समिति द्वारा बुधवार को लगभग 15 से 20 बोरी यूरिया का वितरण किया गया था.

आरोप है कि वितरण के दौरान कुछ मात्रा में यूरिया जमीन पर गिर गया था, जिसकी बाद में सफाई नहीं की गई। इसी दौरान उनकी जर्सी गाय वहां पहुंच गई और जमीन पर पड़ा यूरिया खा लिया। राजेन्द्र लोधी के अनुसार, गाय ने दोपहर करीब पौने चार बजे यूरिया खाया था। इसके कुछ समय बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने चार बोतल दवा और आवश्यक इंजेक्शन लगाए, लेकिन तब तक यूरिया का प्रभाव अधिक हो चुका था। उपचार के बावजूद करीब एक घंटे बाद गाय की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि गाय हाल ही में ब्याई थी और उसका एक छोटा बछड़ा भी है। गाय की मौत से परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है।

> ग्रामीणों का कहना है कि समिति प्रबंधन की लापरवाही से यह घटना हुई। परिसर में यूरिया खुले में पड़ा रहना और सफाई न होना बड़ी चूक है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यूरिया वितरण के बाद तत्काल सफाई कराई जाए और परिसर में आवारा पशुओं की रोकथाम के इंतजाम किए जाएं।

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में तेजगढ़ में फूटा आक्रोश

युवाओं और किसानों ने किया ऊर्जा मंत्री का पुतला दहन, दी आंदोलन की चेतावनी

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। दमोह जिले के तेजगढ़ में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और विद्युत विभाग की कथित मनमानी के खिलाफ मंगलवार को युवाओं और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर विद्युत विभाग और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा विरोध स्वरूप पुतला दहन किया। प्रदर्शन में शामिल कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने बताया कि भीषण गर्मी के दौर में घंटों बिजली कटौती से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। खेतों में सिंचाई कार्य बाधित हो रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों और व्यापारियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा बिना सूचना लंबे समय तक बिजली बंद रखी जाती है, जिससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। राजा खान ने कहा कि एक ओर सरकार बेहतर बिजली व्यवस्था के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर गांवों में अघोषित कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

> आंदोलन कर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की कि कटौती का शेड्यूल तय किया जाए और गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

शहर की निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने भ्रमण

नवभारत,दमोह. दमोह शहर के विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 27 मई को अधीक्षण अभियंता म.प्र.पू.क्षे. वि.वि.कं.लि.दमोह द्वारा शहर की विवेकानंद कालोनी, मुकेश नायक कालोनी, घंटाघर, सिंधी कैम्प आदि क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया गया एवं बिजली विभाग की मेनटेनेंस टीम द्वारा किये जा रहे मेनटेनेंस कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता द्वारा मौके पर कार्य कर रहे विद्युत कर्मचारियों को अवगत कराया कि वर्तमान में शहर का तापमान 45 से 46 डिग्री के बीच चल रहा हैए ऐसे में मेनटेनेंस कार्य पूर्ण सुरक्षा के साथ कम से कम समय में गुणवत्तापूर्ण किया जाये। जिससे कि विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा दमोह शहर के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि विद्युत व्यवधान की सूचना प्राप्त होते ही उसके सुधार हेतु त्वरित कार्यवाही की जाये। विद्युत उपभोक्ताओं के फोन आवश्यक रूप से अटेण्ड किये जायें। अधीक्षण अभियंता श्री चौहान ने दमोह शहर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से क्षेत्रवार अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए निम्नानुसार क्षेत्रवार अधिकारियों से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करए धैर्यता के साथ अपनी शिकायत का निराकरण करायें एवं कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

श्री शिव साईं परिवार द्वारा पुरुषोत्तम माह पर पेश की सेवा भाव की मिसाल

नवभारत,दमोह। पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर शहर में सेवा और भक्ति का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार द्वारा रेलवे स्टेशन, दमोह पर प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन (प्रसाद) वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विशेष प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। रोजाना यात्रियों, जरूरतमंदों एवं स्थानीय नागरिकों को नि:शुल्क भोजन कराया जा रहा है।

त्यौहारों को लेकर दमोह पुलिस का फ्लैग मार्च

ड्रोन से होगी निगरानी, एसपी ने किया निरीक्षण

संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत,दमोह. आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए दमोह पुलिस ने 26 मई 2026 की रात शहर के विभिन्न मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भा.पु.से. के नेतृत्व में यह मार्च अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और सीएसपी एच.आर. पांडे के साथ निकाला गया.फ्लैग मार्च के दौरान एसपी आनंद कलादगी ने शहर के फुटेरा तालाब, सिटी नल,पुराना थाना,गढ़ी मोहल्ला,चमन चौक,कसाई मंडी,मनु मिश्रा तिराहा, पुरैना तालाब आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया.मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.एसपी ने निर्देश दिए कि ईद को लेकर शहर के विभिन्न चौराहा-तिराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी.

ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

नवभारत,दमोह। गैसाबाद में आगामी ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में नायब तहसीलदार राजेश कुमार सोनी व थाना प्रभारी सौरभ शर्मा के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई.बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल समस्या उठाई, जिस पर नायब तहसीलदार ने तत्काल ठेकेदार से फोन पर चर्चा कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए.बैठक में लक्ष्मण तिवारी, जुगलकिशोर पटैल, शशिकांत पटैल, नरेंद्र चौकारिया, रजनीश तिवारी,जुगल गुप्ता, संतु पटैल,अजीज खान,मगन अली, लल्लू खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

डीपी में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

नवभारत,दमोह। शहर में मंगलवार देर रात मिशन स्कूल के पास, किल्लाई नाका से जबलपुर नाका के बीच स्थित डीपी में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। विद्युत सप्लाई बंद कर आग पर काबू पाया गया।गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। विद्युत विभाग जांच कर रहा है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्व . शंकर लाल राय को दी श्रद्धांजलि

नवभार,दमोह। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज सुबह दमोह पहुंचे.पूर्व मंत्री मुकेश नायक के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद वे राय चौराहा स्थित राजा राय व धर्मवीर राय के निवास पहुंचे.यहां उन्होंने स्व. शंकर लाल राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. पटवारी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त कीं.इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे.

माता के निधन पर जताया शोक

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार सुबह 7 बजे दमोह शहर की मुकेश कॉलोनी निवास पहुंचे। उन्होंने पूर्व मंत्री व मीडिया विभाग मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश नायक की माताजी के निधन पर शोकाकुल नायक परिवार से मुलाकात कर भावपूर्ण शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान सागर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहांसा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, मनु मिश्रा, रजनी ठाकुर,सतीश चौरसिया,रोहन पाठक आदि रहें।

श्री बांके बिहारी ताम्रकार मंदिर फुटेरा वार्ड महाकाली चौराहा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

नवभारत,दमोह। श्री बांके बिहारी ताम्रकार मंदिर फुटेरा वार्ड महाकाली चौराहा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया. जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित होकर धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं. इस कथा को पंडित राजेश तिवारी के द्वारा श्रवण कराई जा रही है.इस विवाह उत्सव में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की भव्य सुंदर झांकी तैयार की गई.जिसका श्रृंगार सीताराम सोनी दमोह के द्वारा किया गया.

महरा, महोविया समाज ने धूमधाम से मनाई आल्हा जयंती, मेधावी बच्चों का किया सम्मान

नवभारत,दमोह। मां शारदा के परम भक्त महावली अमरवीर आल्हा-उदल की 886वीं जयंती दमोह मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर कटनी रोड स्थित सिद्ध क्षेत्र माता कुल्लयाऊ धाम में बड़े हर्षोल्लास और गाजे बाजे के साथ मनाई गई.कार्यक्रम में बुंदेलखंड के अमर वीर योद्धाओं आल्हा-उदल की वीर गाथाएं सुनाई गईं. मुख्य अतिथियों ने समाज को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया.समाज अध्यक्ष गोविंद महोविया व उपाध्यक्ष कौशल प्रसाद महोविया ने सामाजिक परंपरागत कुरीतियों में सुधार पर विचार रखे.कोषाध्यक्ष सरमन महोविया ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की बात कही.जीवन महोबिया अभाना ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की.समिति पदाधिकारियों व समाज द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह, शील्ड और पेन देकर सम्मानित किया गया. बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया ।

किसान संघों के पदाधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अहम बैठक

नवभारत,दमोह .जिले में खरीफसीजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने किसान संघों के साथ बैठक में उनकी बातो और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने कहा किसानों के सभी कार्य सरलता और सुगमता से संपन्न हों, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।सभी संबंधित विभाग संवेदनशीलता और सकारात्मक मानसिकता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी किसान को असुविधा का सामना न करना पड़े।कलेक्टर श्री यादव ने कहा मूंग खरीदी के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है.

संजीवनी अस्पताल में फर्जी डॉक्टरों की भर्ती कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

थार और आई 20 कार सहित 5 .36 लाख नगद जब्त,फर्जी एमबीबीएस डिग्री का मामला

नवभारत,दमोह। संजीवनी क्लीनिक में फर्जी डॉक्टरों को भर्ती कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मामला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित संजीवनी क्लीनिक सुभाष कॉलोनी दमोह से जुड़ा है. 16 मई 26 को सीएमएचओ कार्यालय से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था. इसमें डॉ. कुमार सचिन यादव निवासी ग्वालियर व डॉ. राजपाल गौर निवासी सीहोर द्वारा चयन प्रक्रिया में फर्जी एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा अन्य कूटरचित दस्तावेज लगाकर स्वयं को योग्य चिकित्सक प्रदर्शित करने का खुलासा हुआ.जांच के बाद थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 479/26 व 480/26 धारा 318(3), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में हीरा सिंह पिता रामप्रकाश कौशल, उम्र 44 साल,निवासी कोहेफिज़ा भोपाल व आदिल सिद्दीकी पिता स्व. अफ्जल सिद्दीकी, उम्र 37 साल, निवासी बाग दिलखुश भोपाल से काले रंग की थार, रजि.नं.एमपी 04 जेडके 0111, सफेद रंग की आई20 कार, रजि. नं. एमपी 04 ल्फ4623 और नगद 5 लाख 36 हजार 900 रुपये की जप्त की है.पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है.थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार,सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन,सौरभ टंडन,राकेश अठ्या सायबर सेल,प्र.आर.हेमंत अवस्थी, प्र.आर. अभिषेक चौबे, आर ओमप्रकाश रैकवार, आर. आयुष मिश्रा, आर.नवल यादव आदि शामिल रहे।

एक नजर में

बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने किया 5 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, जलाए 151 दीप

नवभारत,दमोह .पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 21 दिन की सफल साधना के धन्यवाद स्वरूप बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा बालाजी के चरणों में 5 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व 151 दीप प्रज्ज्वलित किए गए .सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद शिष्य मंडल ने मंदिर परिसर में ही भोजन भंडारे का आयोजन किया .बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा लगातार तीसरे मंगलवार को यह आयोजन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, दमोह जनपद के पास किया गया .कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पं. अजय गर्ग पुजारी, अखिल टंडन प्रभारी बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह, राकेश अग्रवाल, दिनेश असाटी,पं .आर .के .मिश्रा,स्वामी अशोक तिवारी,राजेश ताम्रकार,पं .मुकुट बिहारी व्यास, विनय असाटी,नीरज मिश्रा सहित शिष्य मंडल के लगभग 200 सदस्य शामिल हुए .

साइबर सेल के आरक्षक रोहित सिंह ने किया रक्तदान, दिया मानवता का संदेश

नवभारत,दमोह .दमोह साइबर सेल में पदस्थ आरक्षक रोहित सिंह ने जरूरतमंद मरीज को रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की. साथ ही सभी लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की .जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही आरक्षक रोहित सिंह बिना देर किए जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया .रक्त मिलने के बाद मरीज के परिजनों ने राहत की सांस ली और आरक्षक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रोहित सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है।एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है।

दमोह की बेटी श्रीषा इप्सा बरोनिया ने नेपाल में ओडिसी नृत्य से बढ़ाया जिले का मान



नवभारत,दमोह। दमोह की बेटी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन किया है .शहर के डॉ. अशोक बरौनिया व सीमा बरौनिया की सुपुत्री श्रीषा इप्सा बरोनिया ने नेपाल में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया .नेपाल में हुए इस अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में श्रीषा इप्सा ने ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी.

तेंदूपत्ता तोड़ रही महिला पर भालू का हमला, डायल 112 से अस्पताल पहुंचाया

वन विभाग ने दिया आर्थिक सहयोग

नवभारत,मडियादो/दमोह.जिले के मड़ियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत तालगांव में बुधवार सुबह खेत पर तेंदूपत्ता तोड़ रही वृद्ध महिला पर भालू ने हमला कर दिया.हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई.ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस सेवा मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियादो ले जाया गया. डॉक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा है.घायल महिला की पहचान सुमित रानी आदिवासी, उम्र करीब 65 वर्ष, निवासी तालगांव के रूप में हुई है.घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी अस्पताल पहुंची. टीम ने आर्थिक सहयोग कर महिला का बेहतर उपचार शुरू कराया है.

पटेरा पुलिस ने 10 किलो 900 ग्राम गांजा किया जब्त, एक गिरफ्तार

नवभारत,दमोह.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटेरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.मुखबिर की सूचना पर दिनांक 25 मई 2026 को पटेरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घनश्याम पिता पूरन सींग लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी सारंगपुरा थाना पटेरा को गिरफ्तार किया.आरोपी के कब्जे से 10 किलो 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 1,62,000 रुपये आंकी गई है.थाना पटेरा में अप.क्र. 167/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस जप्त गांजे के स्रोत के संबंध में पूछताछ और तलाश कर रही है. यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में की गई.मामले में थाना प्रभारी पटेरा उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर, उप निरी.संतोष सिंह, प्रधान आर. रूपलाल, आर. नीतेश, आर. गब्बर सिंह राजपूत, आर.सुरेश लोधी व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा.पुलिस अधीक्षक ने टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी.

जबेरा पुलिस ने 8 घंटे में अपहृत नाबालिग को जबलपुर से किया दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

नवभारत,जबेरा/दमोह। मप्र पुलिस की जबेरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को महज 08 घंटे के भीतर जबलपुर से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया .पुलिस की इस सक्रियता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है .पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तथा एस डीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित की .पुलिस टीम ने लगातार तलाश व तकनीकी सहायता के आधार पर नाबालिग बालिका को जबलपुर से दस्तयाब किया. आवश्यक कथन दर्ज करने के बाद बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया .इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव आदि रहें।

जांच में जुटी पुलिस | पैसे छीनने का आरोप, घायल को लाया गया जिला अस्पताल

दमोह-सागर मार्ग पर युवक पर रॉड से हमला

नवभारत,दमोह। सागर स्टेट हाईवे पर देहात थाना की सागर नाका चौकी अंतर्गत आने वाले सरदार पटेल ओवर ब्रिज के समीप मंगलवार दोपहर फल की दुकान पर खड़े एक युवक पर दो लोगों ने रॉड से हमला कर दिया. रॉड युवक के होंठ में जाकर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए.घायल युवक को उसके परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.जहां डॉक्टरों के द्वारा घायल का इलाज किया जा रहा है. घायल के अनुसार आरोपी उसके 2000 भी छुड़ाकर ले गए हैं. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर विक्रम दांगी चौकी प्रभारी घटनास्थल पहुंचे और जिला अस्पताल में एएसआई अकरम खान ने पहुंचकर घायल से जानकारी लेकर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.तलाश के पुलिस ने फिलहाल एक को अभिरक्षा में लिया है. घायल युवक की पहचान 31 वर्षीय किशन पिता तखत सिंह निवासी अमाटा के रूप में हुई है.घायल ने बताया कि सरदार पटेल ओवर ब्रिज के समीप एक फल की दुकान पर खड़ा था. तभी एक युवक उसके पास पहुंचा पता नहीं विवाद क्या था.विवाद करने के बाद रॉड से हमला कर दिया और उसके जेब में रखे 2000 भी छुड़ा ले गए.स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई.

> मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो मौके चौकी प्रभारी विक्रम दांगी पहुंचे और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया .रॉड युवक के होंठ में लगने से वह बीच से कट गया है .इसके अलावा हाथ में भी रॉड लगने से चोट आई है . घायल के बयान दर्ज करने सागर नाका चौकी पुलिस अस्पताल पहुंची . जानकारी मिलने के बाद सागर नगर चौकी प्रभारी विक्रम दांगी भी मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है .बताया जा रहा है कि तीन आरोपियों में एक आरोपी को अभिरक्षा में लिया है,जिससे पूछताछ की जा रही है .